## एक नजर में

### डॉक्टर कनेश का संभाग स्तरीय हेतु चयन



**माखन नगर** – मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग खेल कैलेंडर 2025-26 के तहत अधिकारी कर्मचारी जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदा पुरम में आयोजित की गयी ,जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्रोफेसर और कर्मचारियों ने सहभागिता की, श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर आई एस कनेश ने बैडमिंटन और शतरंज में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जगह सुरक्षित की, महाविद्यालय क्रीड़ाधिकारी डॉक्टर राजकुमार पटवा ने बताया कि संभाग स्तरीय प्रतियोगिता 13 एवं 14 मार्च को शासकीय गृह विज्ञान महिला महाविद्यालय नर्मदा पुरम में आयोजित की जाएगी। डॉक्टर कनेश को संभाग स्तर पर चयनित होने पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर नीता चौबे सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं दी।

# आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखा

आपदा प्रबंधन कार्यशालाओं का शुभारंभ किया गया जो एक सप्ताह तक निरंतर आयोजित की जाएंगी।



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/11,मार्च,2026/** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने बुधवार को सेठानी घाट पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नर्मदापुरम द्वारा आयोजित मॉक ड्रिल का अवलोकन कर आपदा प्रबंधन एवं बचाव की तैयारियों को परखा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री साई कृष्ण एस थोटा, डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौर, तहसीलदार श्रीमती सरिता मालवीय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। मॉक ड्रिल के दौरान कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने कहा कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा सोमवार से आपदा प्रबंधन कार्यशालाओं का शुभारंभ किया गया है, जो एक सप्ताह तक निरंतर आयोजित की जाएंगी। इन कार्यशालाओं में होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ के जवानों को आपदा प्रबंधन और बचाव कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, स्कूली बच्चों, सिविल डिफेंस वॉलंटियर एवं आपदा मित्रों को भी आपदा प्रबंधन से संबंधित आवश्यक जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके साथभी उन्होंने कहा कि इन कार्यशालाओं का उद्देश्य किसी भी प्रकार की आपदा के लिए पूर्व तैयारी सुनिश्चित करना, नागरिकों को जागरूक करना तथा शासकीय अमले को आपदा की स्थिति में प्रभावी प्रबंधन के लिए तैयार रखना है, ताकि संकट के समय उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग कर जन-धन की हानि को कम किया जा सके। सेठानी घाट पर आयोजित इस मॉक ड्रिल के माध्यम से विभिन्न आपदाओं सहित बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचाव तथा विभिन्न परिस्थितियों में नागरिकों के डूबने की स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों और बचाव उपायों का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान उपस्थित नागरिकों को आपदा के समय सतर्कता बरतने और सुरक्षित रहने के बारे में जागरूक किया गया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित आपदा प्रबंधन कार्यशालाओं का शुभारंभ सोमवार से किया गया है।

# एसडीएम की दो टूक चेतावनी, खेत में आग लगी तो लगेगा जुर्माना

**नवभारत न्यूज**

**सोहागपुर, 11 मार्च,** नगर में अब नरवाई जलाने वालों की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। गेहूं कटाई के बाद खेतों में लगने वाली आग को लेकर प्रशासन ने इस बार बेहद सख्त रुख अपना लिया है। जनपद पंचायत सभागार में आयोजित प्रशिक्षण बैठक में एसडीएम प्रियंका भलावी ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि यदि खेतों में नरवाई जलती हुई पाई गई तो सीधे जुर्माना और दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन की इस सख्ती की घोषणा के बाद किसानों और हार्वेस्टर संचालकों के बीच हलचल और चर्चा तेज हो गई है। बैठक में साफ किया गया कि अब ग्राम स्तर पर नरवाई प्रबंधन के लिए गश्ती दल बनाए जाएंगे, जो लगातार खेतों की निगरानी करेंगे। यह दल गांव-गांव घूमकर देखेगा कि कहीं खेतों में आग तो नहीं लगाई जा रही। अगर कोई किसान नियमों की अनदेखी करता पाया गया तो प्रशासन तत्काल कार्रवाई करेगा। एसडीएम प्रियंका भलावी ने कहा कि नरवाई जलाने से पर्यावरण को भारी नुकसान होता है और मिट्टी की उर्वरता भी खत्म हो जाती है। इसलिए प्रशासन अब केवल समझाइश तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सख्ती से नियम लागू करेगा। किसानों को जागरूक करने के लिए अगले दस दिनों में नरवाई प्रबंधन पाठशाला आयोजित की जाएगी, जहां उन्हें मशीनों और वैकल्पिक तरीकों से अवशेष प्रबंधन की जानकारी दी जाएगी।

ग्राम पंचायतों में दीवार लेखन और मुनादी के माध्यम से भी चेतावनी दी जाएगी। इसके साथ ही सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के जरिए भी अभियान चलाया जाएगा ताकि हर किसान तक यह संदेश साफ-साफ पहुंच सके। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि अनुभाग में बिना स्ट्रॉ-रीपर मैनेजमेंट सिस्टम के हार्वेस्टर का संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही कस्टम हायरिंग केंद्रों की सूची ग्राम पंचायतों में चस्पा की जाएगी, ताकि किसान नरवाई प्रबंधन के लिए आवश्यक मशीनें आसानी से प्राप्त कर सकें। ग्राम पंचायतों की शासकीय भूमि पर भूसा संग्रह कर उसे निकटतम गौशालाओं तक पहुंचाने की भी योजना बनाई गई है,

# अधिकारियों को डीसीएचबी पोर्टल से अवगत कराया

सभी चार्ज अधिकारियों एवं उनके सहायकों को सीएमएस पोर्टल पर हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण प्रदान किया

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/11,मार्च,2026/** पॉलिटेक्निक महाविद्यालय नर्मदापुरम में बुधवार को अपर कलेक्टर श्री अनिल जैन की उपस्थिति में जनगणना से संबंधित कार्यों के लिए सभी चार्ज अधिकारियों एवं उनके सहायकों को सीएमएस पोर्टल पर हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को डीसीएचबी पोर्टल पर उपलब्ध विभिन्न जानकारियों से भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि जिला जनगणना हस्त पुस्तिका में जिले का समग्र वर्णनात्मक विवरण, प्रशासनिक सांख्यिकी, जनगणना से संबंधित विभिन्न सारणियां तथा प्राथमिक जनगणना सार सहित ग्राम-नगर निर्देशिका सम्मिलित की जाती है। ग्राम एवं नगर निर्देशिका में जिले के प्रत्येक ग्राम एवं नगर से संबंधित सामाजिक-आर्थिक विशेषताओं तथा महत्वपूर्ण बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता से जुड़े गैर-जनगणना आंकड़ों का समावेश किया जाता है। अधिकारियों को जानकारी दी गई कि यह कार्य मकान सूचीकरण कार्य पूर्ण होने के पश्चात किया जाएगा तथा इसके लिए आवश्यक आंकड़ों का संग्रहण 30 दिनों की अवधि के भीतर किया जाएगा। प्रशिक्षण सत्र में श्रीमती अनामिका जैन, नर्मदापुरम संभाग प्रभारी एवं सुश्री आयुषी यादव, जिला प्रभारी नर्मदापुरम द्वारा विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से अधिकारियों को जनगणना कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जानकारी और प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। सभी चार्ज अधिकारी को सीएमएस पोर्टल पर हैंड्स आन के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## दो सरकारी स्कूलों में कृषि संकाय की मिली स्वीकृति

**हरदा** जिले के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक अच्छी खबर है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के प्रयासों से लोक शिक्षण संचालनालय, मध्य प्रदेश ने हरदा जिले के दो प्रमुख शासकीय स्कूलों में आगामी शैक्षणिक सत्र से कृषि संकाय शुरू करने की आधिकारिक मंजूरी दे दी है। प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2026-27 से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हंडिया तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (बालक), रहटगाँव में कृषि संकाय की पढाई शुरू की जाएगी।

# मकानों पर लाल पेंट से नंबर अंकित किये जा रहे

जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत नगर पालिका इटारसी क्षेत्र में मकान की नंबरिंग का कार्य जारी

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 11 मार्च** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत नगर पालिका इटारसी क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 1 से 34 तक प्रत्येक मकान की नंबरिंग का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के अंतर्गत मकानों पर लाल पेंट से स्पष्ट रूप से मकान नंबर अंकित किए जा रहे हैं तथा संबंधित मकानों की आवश्यक जानकारी निर्धारित पंजी में दर्ज की जा रही है, जिससे आगामी जनगणना कार्य सुव्यवस्थित एवं सटीक रूप से संपन्न कराया जा सके। नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा वार्डों में घर-घर जाकर यह कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज संबंधित वार्डों में चल रहे मकान नंबरिंग कार्य का चार्ज जनगणना अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी, इटारसी द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कार्य की प्रगति का अवलोकन किया तथा संबंधित कर्मचारियों को कार्य को पूरी सावधानी, पारदर्शिता एवं निर्धारित दिशा - निर्देशों के अनुसार समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नागरिकों से भी अपील की गई कि वे जनगणना से जुड़े कर्मचारियों का सहयोग करें तथा अपने मकानों पर नंबर लिखवाने और आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने में सहयोग प्रदान करें, ताकि जनगणना 2027 का कार्य सुचारु एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। जनगणना देश की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से सरकार को जनसंख्या, आवास एवं अन्य आवश्यक योजनाओं के लिए सटीक आंकड़े प्राप्त होते हैं। इसलिए सभी नागरिकों की सहभागिता इस कार्य में अत्यंत आवश्यक है।

## प्रतीक पुर्विया की गुमशुदगी हुई दर्ज

**सोहागपुर।** फरियादी लक्ष्मण पिता राम सिंह पुर्विया निवासी शोभापुर के द्वारा इस आशय की रिपोर्ट दर्ज करायी कि उनका बेटा प्रतीक पुर्विया उम्र 17 वर्ष जो सुबह-सुबह दौड़ लगाने जाता है । आज सुबह 6.00 बजे प्रतीक घर पर नहीं था सोचा कि दौड़ने गया होगा काफी समय तक घर वापस नहीं आने पर घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किया । जिसमें प्रतीक सुबह 5.00 बजे घर से बैग लेकर जाते दिखाई दिया उसका सामान चेक किया तो वह अपने साथ अपने डॉक्यूमेंट व पहनने के कपड़े लेकर गया है जिसकी तलाश की जा रही है.

## संक्षिप्त समाचार

### नवीन आबकारी नीति के तहत शराब दुकानों की नीलामी 12 मार्च से

**हरदा** नवीन आबकारी नीति वर्ष 2026-27 के अनुसार हरदा जिले में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मदिरा दुकानों के निष्पादन की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन के निर्देशानुसार, जिले की शेष रही 14 कम्पोजिट मदिरा दुकानों को 6 समूहों में बांटकर तृतीय चरण अंतर्गत ई-टेंडर (ई-टेंडर एवं ई-टेंडर कम ऑक्शन) के माध्यम से नीलाम किया जाएगा। यह कार्यवाही 12 मार्च से 14 मार्च 2026 तक संपन्न होगी। जिला आबकारी अधिकारी श्री सुनील भोजने ने बताया कि ई-टेण्डर से निष्पादन के लिये जारी कार्यक्रम अनुसार ऑनलाइन टेण्डर प्रपत्र डाउनलोड व ऑफर सबमिट करने की तिथि 12 मार्च 2026 से 14 मार्च 2026 तक रहेगी। इसी प्रकार ई-टेण्डर की प्रक्रिया 14 मार्च को सम्पन्न होगी। उन्होने बताया कि ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) की कार्यवाही जिला निष्पादन समिति द्वारा सम्पन्न कराई जाएगी।

### गुड़ी पड़वा पर होगा अ.भा. कवि सम्मेलन

**नर्मदापुरम।** नर्मदा आव्हान सेवा समिति नर्मदापुरम व्दारा 21 वर्षों की भाँति इस वर्ष भी नवसंवत्सर, गुडीपडवा के पावन अवसर अखिल कवि सम्मेलन का आयोजन करने का निर्णय लिया। समिति प्रमुख केप्टिन करैया ने बताया की उक्त आयोजन की नीव वरिष्ठ कवि स्व. संतोष इंकलाबी ने रखी थी। आज वह हमारे बीच नही है परन्तु उनकी स्मृति मे हम आज भी इंकलाबी जी व्दारा स्थापित किया अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की परम्परा का निर्वहन निरंतर करते आ रहे है। श्री करैया ने बताया की समिति द्वारा नव संवत्सर, गुडी पडवा की पूर्व संध्या, चैत्र अमावस्या के पावन अवसर पर विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी साहित्यक आयोजन की श्रंखला में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन 18 मार्च को रात्री 9 बजे से सेठानी घाट पर किया जा रहा है। समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी हंस राय ने बताया कि इस अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न अंचलों से ख्याति प्राप्त कवियों को आमंत्रित किया जा रहा है।

### डोलरिया में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन

**नर्मदापुरम, 11 मार्च** प्रियांशी एजुकेशनल कल्चरल सोसायटी, नर्मदापुरम की लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के अंतर्गत संचालित संपूर्ण सुरक्षा केंद्र द्वारा बुधवार को डोलरिया में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप नोडल अधिकारी डॉ. प्रियंका दुबे के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कैंप में बीएमओ डॉ. सर्जन सिंह सेगर, डॉ. सोनाली मुशरे, डॉ. अक्षय रघुवंशी, आईसीटी काउंसलर प्रकाश चंद्र यादव, डीएसआरसी काउंसलर विवेक पटवा, एलटी राजेंद्र द्विवेदी, एलएचवी रेखा डमडोरिया, एएनएम पूजा चौधरी एवं मंजू सहित आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। इस अवसर पर प्रियांशी टीआई प्रोग्राम मैनेजर मीनाक्षी बाथरी, संपूर्ण सुरक्षा केंद्र की मैनेजर रक्षा शुक्ला तथा आउटरीच वर्कर नारायण विश्वकर्मा, दीपेश और गौरव भी मौजूद रहे। मेगा हेल्थ कैंप में लोगों को सर्दी, खांसी, बुखार सहित सामान्य बीमारियों के लिए निशुल्क जांच एवं दवाइयां प्रदान की गईं। साथ ही एचआईवी, सिफिलिस और हेपेटाइटिस की कुल 168 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। जांच के दौरान गंभीर लक्षण पाए जाने पर 14 लोगों को आगे की जांच और उपचार के लिए जिला अस्पताल नर्मदापुरम रेफर किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से उपस्थित लोगों को आईईसी (सूचना, शिक्षा एवं संचार) सामग्री का भी वितरण किया गया तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

### अधिवक्ताओं ने श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धा सुमन अर्पित किये

**नर्मदापुरम** जिला अधिवक्ता संघ सभागार में दोपहर 12:00 बजे,अधिवक्ता मयंक दीवान के पिता वरिष्ठ अधिवक्ता,समाजसेवी विनोद दीवान अधिवक्ता सुशील जैन की माताजी एवं वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय कल्याण चंद्र जैन की धर्मपत्नी विमल बाई जैन एवं अधिवक्ता ओमप्रकाश यादव के पिता प्रेमदास यादव जी के दुखद निधन पर श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। संघ सचिव मनोज जराठे ने भैया बताया कि श्रद्धांजलि सभा में संघ अध्यक्ष दीपक जैन,वरिष्ठ अधिवक्ता एस एस ठाकुर,बसंत चौहान,जे के तिवारी,एच के यादव, विनोद दीक्षित,जी आर सराठे,एस एस पटेल,रामराज ठाकुर,जाहिद खान,प्रदीप तिवारी,प्रकाश पचौरी,प्रशांत तिवारी,रमेश परिहार,के के खंडेलवाल,के के थापक,रमन पालीवाल,सुखराम शर्मा,प्रदीप चौबे,आर एस यादव,आनंद शर्मा,योगेंद्र रावत,कन्हैया लाल मसानिया,रोहित पालीवाल, अजय तिवारी, विनोद तोमर,सुरेंद्र राजपूत,राजा चौहान,बलवंत ठाकुर,प्रकाश शुक्ला, सतीश दीक्षित, इस्ताक बैग आदि उपस्थित थे.

# रोलगांव कमताड़ा के बीच लगी गेहूं की फसल में आग



**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 11 मार्च** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रोलगांव-कमताडा के मध्य में लगभग 04 से 05 एक गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने तत्काल मौके पर पहुंचे और किसानों के साथ मिलकर फसल नुकसानी का जायजा लिया। विधायक डॉ. दोगने द्वारा हरदा कलेक्टर से दूरभाष से चर्चा घटना की जानकारी देते हुए तत्काल आर.आई. और पटवारी को घटनास्थल पर पहुंचकर फसल नुकसानी का सर्वे करने के निर्देश दिए, ताकि प्रभावित किसानों को शीघ्र उचित मुआवजा मिल सके। उन्होंने कहा कि आगजनी की इस घटना से किसानों को भारी नुकसान हुआ है और प्रशासन को पूरी संवेदनशीलता के साथ प्रभावित किसानों की मदद सुनिश्चित करनी चाहिए। इस दौरान विधायक डॉ. दोगने ने जिला प्रशासन से यह भी निवेदन किया कि फायर ब्रिगेड तथा ग्राम पंचायतों को विधायक निधि से उपलब्ध कराए गए फायर फाइटर टैंकरों को पूरी तरह सक्रिय और तैयार स्थिति में रखा जाए एवं किसानों से भी आग्रह किया गया है कि वह अपने खेत में भूसा न बनाये और नरवाई न जलाएं.

## जनगणना 2027 की तैयारियों की समीक्षा की

**नर्मदापुरम/11,मार्च,2026/** जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की गई, जिसमें जनगणना से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग को निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय म.प्र. श्री कार्तिकेया गोयल, नेशनल ट्रेनर श्री रामावतार पटेल तथा संयुक्त निदेशक एवं नेशनल ट्रेनर श्री नमित यादव ने संबोधित किया। इस दौरान जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित कार्यों की समय-सीमा पर विस्तार से चर्चा की गई।

# नगर कांग्रेस अध्यक्ष बने रत्नेश बड़गूजर

**नवभारत न्यूज**

**माखननगर, 11 मार्च** माखन नगर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने माखन नगर मैं रत्नेश बडगूजर को नगर कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया है. संगठन प्रभारी महामंत्री डॉ संजय कांबले सूची जारी कर नर्मदा पुरम जिले में माखन नगर में रत्नेश बडगूजर को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया है. नवनियुक्त अध्यक्ष से अपेक्षा की है कि वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों सिद्धांतों और संगठानात्मक अनुशासन के अनुसार कार्य करेंगे एवं नगर स्तर पर संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे. नगर अध्यक्ष नियुक्त होने पर मंगलवार को सर्वप्रथम वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुलदीप मिश्रा के प्रतिष्ठान पर बडगूजर का जोरदार स्वागत किया गया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने शाम को बाबा मैरिज गार्डन में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बडगूजर का कांग्रेस के यशवन्त सिंह राजपूत कुलदीप मिश्रा रमेश तिवारी लल्ला भैया राजकुमार गुप्ता मोहन सोनी ब्रजभारती बडगूजर नवल माहेश्वरी अरुण तिवारी बबलू अंसारी सुनील मोदी जीतू चौधरी शैलेंद्र दुबे पदम मीणा संजय सिंह ठाकुर मुकेश चौहान सुमित जायसवाल उत्कर्ष आचार्य ने स्वागत किया उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी राजकुमार केलु उपाध्याय ओम पटेल पूर्व सांसद रामेश्वर नीखरा मानक अग्रवाल सुखदेव पांसे गुड्डन पाण्डे पुष्पराज पटेल मोहन झलिया यशवंत राजपूत बाबू चौधरी कपिल फौजदार का आभार प्रकट किया

## आंगनबाड़ी सहायिका के पदों की अंतिम सूची जारी

**नर्मदापुरम** मध्य प्रदेश शासन महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार कार्यालय परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना नर्मदापुरम शहरी परिक्षेत्राांतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में सहायिका के पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

# वेतन के अभाव में शिक्षकों की होली एवं पंचमी रही सूनी

**नवभारत न्यूज**

**सोहागपुर, 11 मार्च** मध्य प्रदेश में जहां शासन शिक्षा के लिए कई योजनाएं चला रहा है वहीं शिक्षकों की होली एवं रंग पंचमी वेतन के अभाव में सूनी रही । शासन के निर्देशानुसार प्रतिमाह 1 तारीख को वेतन करने के आदेश हुए हैं परंतु अधिकारियों एवं बाबूओं की उदासीनता का परिणाम है कि आज दिनांक 11 मार्च 2026 दिन बुधवार तक वेतन नहीं हुआ है । जिले के बनखेड़ी, सोहागपुर, माखन नगर, सिवनी मालवा, केसला आदि जगह के प्राथमिक शिक्षकों का वेतन आज दिनांक तक नहीं हुआ । वहीं जिम्मेदार अधिकारी आवंटन का अभाव बताकर अपना पल्लू झाड़ते नजर आ रहे हैं । वहीं कर्मचारियों के होम लोन पर्सनल लोन आदि की ईएमआई का भुगतान 1 तारीख से 10 तारीख के मध्य होता है। वेतन के अभाव में ईएमआई का समय पर भुगतान न होने से आगामी सिविल खराब होती है क्योंकि लगभग आधा महीना व्यतीत होने को है परंतु वेतन भुगतान न होने पर कर्मचारियों को वित्तीय समस्याओं से गुजरना पड़ रहा है ।

## कृषि आधारित उद्योगों हेतु प्रोग्राम आयोजित

**नर्मदापुरम** म.प्र. शासन, सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विभाग एवं फिक्की के तत्वाधान में 11 मार्च 2026 बुधवार को द रैनट्री रिसॉर्ट नर्मदापुरम में खाद्य प्रसंस्करण एवं कृषि आधारित उद्योगों के लिए आयोजित वेण्डर डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अमूल, सोडेक्सो, वॉलमार्ट, कम्पास, एल.टी. फूड्स, एमपीएसटीडीसी जैसी बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने स्थानीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम इकाईयों के साथ चर्चा की। कार्यक्रम में नर्मदापुरम जिले समेत 250 से अधिक एमएसएमई इकाईयों ने भाग लिया।


**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

**न्यायालय तहसीलदार माखन नगर जिला नर्मदापुरम**

क्रमांक 326 प्रवा0/सह0/2026

माखन मगर दिनांक 10.03.2026

रा0प्र0क0 0033/-6(अ)/2025-26

भौजा - ग्राम पाटनी

प्रति.

संपादक महोदय, पत्रिका समाचार पत्र

माखन नगर नर्मदापुरम

विषय -आपके दैनिक समाचार पत्र में राजस्व मामले की सूचना का प्रकाशन करने बाबत

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजस्व प्रकरण क्रमांक रा.प्र.क्रं. 0033/3-6(31)/2025-26 मौजा पाटनी पक्षकार सुन्दर अहिरवार आ0 नन्हे अहिरवार विरूद्ध सर्वसाधारण विचाराधीन है जिसमें पेपर में इश्तहार प्रकाशन बाबत पत्र पत्रवाहक के हस्ते भेजा जा रहा है। अतः आप पत्र वाहक से प्रकाशन संबधी आपके समस्त व्यय/शुल्क प्राप्त कर इस पत्र के साथ सलग्न राजस्व मामले में सूचना / इश्तहार का प्रकाशन आपके समाचार पत्र में प्रकाशित कर एक प्रति इस न्यायालय को पेशी दिनाक 16.03.2026 के पूर्व भिजवाना सुनिश्चित करे।

तहसीलदार
माखननगर

सलग्न - राजस्व मामले में सूचना /इश्तहार का प्रारूप।


**स्वच्छ भारत अभियान** लंबे समय से जमा अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई नपा अमले द्वारा की गई

# डस्टबिन नहीं रखने वाली दुकानों पर हुई कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 11 मार्च** शहर को स्वच्छ बनाने और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी अशोक कुमार डेहरिया के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम ने शहर में विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान एसडीएम ने नगर पालिका अमले के साथ विभिन्न दुकानों का निरीक्षण किया। जिन दुकानदारों के पास गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन नहीं पाए गए, उनके विरुद्ध अर्थदण्ड की कार्रवाई की गई। इस दौरान शासकीय जिला चिकित्सालय के सामने लंबे समय से जमा अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही भी नगर पालिका अमले द्वारा की गई। अनुविभागीय अधिकारी श्री डेहरिया ने बताया कि दुकानदारो द्वारा गीला एवं सूखा कचरा रखने के लिए डस्टविन नहीं पाये जाने पर अर्थदण्ड आरोपित किया जावेगा। साथ ही सभी दुकानदारो से अपील की गई है कि गीला एवं सूखा कचरा हेतु डस्टविन रखकर शहर को स्वच्छ बनाने में पूरा सहयोग दें।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद् हरदा जिला हरदा (म.प्र.)**

क्रमांक 1380 / जलप्रदाय शाखा / 2025-26 — हरदा दिनांक 11.03.26

**ई- निविदा सूचना**

Tender Notice no. 2026_UAD_487453_1 Date 05.03.2026 कार्य का नाम: निकाय क्षेत्रांतर्गत नगर पालिका हरदा को जल प्रदाय व्यवस्था अंतर्गत विभिन्न फिटिंग सामग्री क्रय करने हेतु अनुमानित लागत रू. 30,00,000/- अमानत राशि रू. 22,500/- ई-निविदा क्रय दिनांक 06.03.2026 से 06.04.2026 तक क्रय की जा सकती है। निविदा सूचना तथा प्रपत्र उपलब्धता www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद हरदा**